मूल्य 1 रु.

वर्षः 15 - अंकः 70, मुंबई, बुधवार, 2 जुलाई, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




DESI™ VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

# काली धरती ही है असली 'शक्तिपीठ'

## बच्चू कडू का देवेंद्र फडणवीस को करारा जवाब



**अमरावती।** महाराष्ट्र में प्रस्तावित शक्तिपीठ महामार्ग परियोजना को लेकर राज्य की राजनीति में उबाल आ गया है। सरकार ने इस महामार्ग के लिए भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से 20 हजार करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया है और इसे जल्द शुरू करने की तैयारी में है। मगर इसके खिलाफ किसानों और विपक्षी दलों ने मोर्चा खोल दिया है। शक्तिपीठ महामार्ग संघर्ष समिति के नेतृत्व में राज्य के विभिन्न जिलों में जोरदार आंदोलन चल रहे हैं। हालांकि कल यह आंदोलन स्थगित कर दिया था बावजूद आंदोलन खत्म नहीं हुआ है। किसान संगठन और स्थानीय ग्रामीण बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आए हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि इस परियोजना से उनकी उपजाऊ जमीन छिन जाएगी और उनकी आजीविका पर संकट आ जाएगा। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# मुंबई-पुणे में झमाझम बारिश



## गडचिरोली में 6 रास्ते बंद, भंडारा का बायपास ढहा

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मंगलवार का दिन महाराष्ट्र के लिए भारी बारिश और परेशानी लेकर आया। राज्यभर में मानसून ने अपना प्रचंड रूप दिखाया और बीते 24 घंटों में कई जिलों में मूसलधार बारिश ने जनजीवन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। बारिश की तीव्रता इतनी अधिक रही कि कई शहरों की सड़कें जलमग्न हो गईं, निचले इलाके डूब गए और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। कई जगह पुलों के ऊपर से पानी बहने लगा, तो कहीं बायपास की सुरक्षात्मक दीवारें टूटकर बह गईं। ग्रामीण इलाकों में नदियों और नालों में उफान से कई जिला मार्ग पूरी तरह बंद हो गए, जिससे सैकड़ों गांवों का संपर्क टूट गया। भारत मौसम विभाग ने गंभीर स्थिति को देखते हुए मुंबई, रायगढ़, रत्नागिरी जैसे कोकण क्षेत्र के जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट, जबकि गडचिरोली, भंडारा, नागपुर जैसे विदर्भ क्षेत्र के जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी किया है। साथ ही, गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी भी दी गई है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

# सदावर्ते को उद्धव-राज-शरद से जान का खतरा



## यूबीटी वर्कर बोला-चांटा लगाओ 1 लाख ले जाओ

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** राज्य सरकार ने हिंदी को अनिवार्य करने के फैसले को वापस लेने का फैसला किया। इसके लिए राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे मैदान में उतर आए थे। 5 जुलाई को मराठी विजय दिवस मनाने का फैसला किया गया है। अब एमएनएस अध्यक्ष राज ठाकरे और शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के प्रमुख उद्धव ठाकरे 5 जुलाई को एक संयुक्त रैली करेंगे। इस बीच, देवेंद्र फडणवीस ने राज ठाकरे के बारे में बात करने से परहेज किया है। ठाकरे भाइयों के एक साथ आने की चर्चा जोरों पर है। वहीं वकील गुणरत्न सदावर्ते ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ठाकरे बंधुओं की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि दोनों अपनी-अपनी राजनीति के मास्टरमाइंड बन चुके हैं। (शेष पृष्ठ 3 पर)

# मनपा चुनाव अकेले लड़ेगी कांग्रेस

## चेन्निथला के बाद पृथ्वीराज चव्हाण ने दिए संकेत

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर सियासत तेज हो गई है। एक तरफ जहां ठाकरे बंधु एक होने में जुटे हैं। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस महाविकास आघाडी (एमबीए) से अलग होने की राह तलाश रही है। विधानसभा चुनाव में गठबंधन की करारी हार के बाद तीनों पार्टियां साथ चुनाव लड़ने से कतरा रही हैं। कांग्रेस लगातार अलग चुनाव लड़ने के संकेत दे रही है। कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला के बयान के एक दिन बाद महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण को बयान सामने आया है। उन्होंने मंगलवार को कहा कि प्रदेश कांग्रेस के भीतर यह बहुत मजबूत राय है कि पार्टी को बृहन्मुंबई महानगरपालिका (मनपा) का चुनाव अकेले लड़ना चाहिए।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को हुआ नुकसान

कांग्रेस नेता ने कहा कि विधानसभा चुनाव में हमारा अनुभव बहुत खराब था। हमारे कुछ गठबंधन सहयोगियों ने उन सीटों पर लड़ने पर जोर दिया, जहां उनका कोई आधार नहीं था और उन्हें वे टिकट दिए गए तथा उन्हें केवल 2,000 वोट मिले। इसलिए निश्चित रूप से हमें नुकसान हुआ। बता दें कि एमवीएम में कांग्रेस के अलावा शिवसेना (यूबीटी) और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) शामिल है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### ऋण का बोझ घटा?

**असल कहानी मीडिया हेडलाइन्स के नीचे कहीं छिपी होती है। ताजा रिपोर्ट को ही लें, तो उससे यह कहानी भी उभरती है कि फौरी उपभोग के मकसद से लिए गए ऋण की मात्रा असल में बढ़ी है।**

५५ मीडिया के एक हिस्से ने इसी रिपोर्ट से हेडलाइन निकाली है कि भारत में घरेलू कर्ज की मात्रा जून 2024 की तुलना में पिछले दिसंबर तक आकर एक प्रतिशत प्रतिशत घट गई। जून 2024 में घरेलू ऋण जीडीपी की तुलना में 42.9 प्रतिशत था। दिसंबर 2024 में 41.9 फीसदी रहा। हालांकि दिसंबर 2023 (40 प्रतिशत) और जून 2021 (36.6 प्रतिशत) की तुलना में यह फिर भी ज्यादा था, परंतु पिछले साल की दूसरी छमाही में स्थिति सुधरी। मगर ये हेडलाइन्स की बात है। असल कहानी कहीं इनके नीचे छिपी होती है। ताजा रिपोर्ट को ही लें, तो उससे यह कहानी भी उभरती है कि असल में फौरी उपभोग के मकसद से लिए गए ऋण की मात्रा बढ़ी है। मार्च 2025 में कुल घरेलू कर्ज के बीच इस ऋण का हिस्सा 54.9 फीसदी था। यानी जहां ऋण की मात्रा घटी, वो हाउजिंग लोन या कारोबार के मकसद से लिए गए कर्ज हैं। यह कोई अच्छा संकेत नहीं है। असल में ये सभी बाजार के सिकुड़ने और आम जन के स्तर पर आमदनी घटने/ गतिरुद्ध होने के आम ट्रेंड की ही पुष्टि हैं। रियल एस्टेट सेक्टर में बिक्री से लेकर रोजाना कैलोरी उपभोग तक से संबंधित सामने आए ताजा आंकड़े कुल मिलाकर एक ही तरफ इशारा करते हैं। यह है समाज में विषमता का लगातार विकराल रूप लेना। इसके बीच बेहतरी कुछ तबकों तक सीमित है, मगर कुल आंकड़ों में इससे सुधार जाहिर हो जाता है। वैसे भी रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में दर्ज आंकड़े सिर्फ बैंकों या संगठित वित्तीय संस्थानों से लिए गए ऋण से संबंधित हैं। आम जन के स्तर पर तो आज महाजनी प्रथा के लौटने के संकेत देश के कई हिस्सों से मिले हैं। वहां लिए गए कर्ज और उस पर चुकाए जाने वाले असमान्य ब्याज दर का शायद ही कोई रिकॉर्ड किसी सरकारी संस्था के पास होता है। इसलिए मीडिया हेडलाइन्स जो कहानी बताते हैं, सामाजिक-आर्थिक मामलों में हकीकत उससे दूर बनी रहती है।

# प्रकृति व समाजसेवा जागरूकता की अलख जगाते हैं: कलेक्टर अग्रवाल



**बिलासपुर, छत्तीसगढ़।** पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा डॉक्टर एवं चार्टर्ड अकाउंटेंट दिवस पर गनियारी अस्पताल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कलेक्टर संजय अग्रवाल रहे। उन्होंने कहा कि प्रकृति और समाज की सेवा के ऐसे प्रयास समाज में जागरूकता की अलख जगाते हैं। पौधरोपण और जल संरक्षण केवल पर्यावरण की नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों की रक्षा है। उन्होंने संस्था की अध्यक्ष पायल लाठ और उनकी टीम को इस पुनीत कार्य के लिए शुभकामनाएं दी।

जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल ने कहा कि वृक्षारोपण जैसे अभियान समाज में सकारात्मक संदेश लाते हैं। उन्होंने कहा कि पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन एक प्रेरणादायक मिशन पर कार्य कर रहा है। संस्था की अध्यक्ष पायल लाठ की सोच और उनकी टीम का समर्पण वास्तव में सराहनीय है। पौधरोपण जैसे अभियान समाज में सकारात्मक संदेश लाते हैं।

**प्रकृति हमें जीवन देती है- पायल लाठ :** एक पेड़ मां के नाम अभियान एक भावना, एक प्रण है। फाउंडेशन की अध्यक्ष पायल लाठ ने कहा कि जैसे मां हमें अपने आंचल में पालती हैं, ठीक वैसे ही प्रकृति हमें जीवन देती है। इसके अलावा हवा, जल, छांव और शांति देती है। इस प्रेम और सुरक्षा के प्रतीक को समर्पित करते हुए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरूआत हुई है। यह सिर्फ एक पेड़ नहीं, एक भावनात्मक रिश्ता है, जो हमें प्रकृति से जोड़ता है।

कार्यक्रम के दौरान समाज के सच्चे नायक डॉक्टरों और सीए को सम्मान चिन्ह भेंट कर उनके योगदान को नमन किया गया। इस आयोजन में वरिष्ठ समाजसेवी डॉक्टर रमन कटारिया, फाउंडेशन के सचिव चंचल सलूजा, उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह राजपूत, डॉक्टर शुभा गरेवाल भी उपस्थित थे।

# टैफे और एजीसीओ के मध्य ब्रांड अधिकारों, विज्ञापनों और शेयरधारिता को लेकर विस्तृत समझौता

**मुंबई,** टैफे, विश्व की एक सबसे बड़ी ट्रैक्टर एवं कृषि उपकरण निर्माता कंपनी, ने आज घोषणा की है कि टैफे, एजीसीओ के साथ, ब्रांड, वाणिज्यिक मुद्दों और शेयरधारिता से संबंधित सभी मामलों पर एक विस्तृत समझौता और समाधान पर पहुंचा है।

समझौते में निम्नलिखित प्रमुख विशेषताएं शामिल हैं:

भारत, नेपाल तथा भूटान में मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड पर टैफे का एकमात्र और अनन्य स्वामित्व रहेगा, साथ हीं मैसी फर्ग्यूसन और संबंधित ट्रेडमार्क एवं उससे जुड़ी सभी गुडविल के समस्त अधिकारों, शीर्षक और हितों पर भी टैफे का स्वामित्व होगा।

■ टैफे, $260 मिलियन का मूल्य चुकाकर टैफे में एजीसीओ के शेयरों को वापस खरीदेगा, जो टैफे की इक्विटी के 20.7% के बराबर है, जिससे टैफे सम्मिश्रित ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी बन जाएगा- एक विविध औद्योगिक संगुटिका जिसका मुख्यालय भारत के चेन्नई शहर में स्थित है।

■ टैफे, एजीसीओ में 16.3% के स्वामित्व के साथ अपनी हिस्सेदारी बरकरार रखेगा, और इसका विस्तार नहीं करेगा, साथ हीं कुछ अपवादों के अधीन अपने आनुपातिक स्वामित्व को बनाए रखने के लिए एजीसीओ के भविष्यगत वापस-खरीद कार्यक्रमों में भाग लेगा।

■ टैफे, शेयरधारकों की बैठकों में एजीसीओ के निदेशक मंडल की सभी संस्तुतियों के पक्ष में अपने शेयरों से मतदान करके एजीसीओ का समर्थन करेगा, जिसमें टैफे को निश्चित छूट भी होगी।

■ टैफे, एजीसीओ के अग्रणियों के साथ योजनाबद्ध तरीके से आवधिक वार्ताओं के माध्यम से एजीसीओ में दीर्घकालिक निवेशक बना रहेगा।

■ हालांकि टैफे और एजीसीओ के बीच सभी वाणिज्यिक समझौते पारस्परिक रूप से समाप्त हो जाएंगे; लेकिन टैफे बकाया आपूर्ति आदेशों का सम्मान करते हुए सहमत शर्तों पर सभी बाजारों के लिए भागों की आपूर्ति जारी रखेगा।

■ चल रही सभी कानूनी कार्यवाहियों को अपरिवर्तनीय रूप से और बिना शर्त के वापस ले लिया जाएगा। मैसी फर्ग्यूसन ब्रांड से संबंधित तीन मुकदमों, जो वर्तमान में भारत में मद्रास उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित हैं, में सहमति डिक्री मांगी जाएगी। ये समझौते, टैफे में एजीसीओ द्वारा धारित शेयरों के वापस-खरीद के संबंध में एजीसीओ एवं टैफे द्वारा भारत के कुछ सरकारी और अन्य प्रक्रियाओं को पूरा किए जाने के उपरांत प्रभावी हो जाएंगे। टैफे की चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर मल्लिका श्रीनिवासन ने कहा, टैफे की विकास गाथा के एक नए युग में प्रवेश करने के साथ हम एजीसीओ सहित अपनी दीर्घकालिक साझेदारी का सम्मान करते हुए इसे संजो कर रखेंगे, तथा एक प्रतिबद्ध शेयरधारक के रूप में एजीसीओ का समर्थन करना जारी रखेंगे।

उन्होंने कहा कि, 65 वर्षों से भी अधिक समय से भारतीय ग्राहकों के लिए टैफे और मैसी फर्ग्यूसन एक दूसरे का पर्याय बने रहे हैं। हम अपने अभिनव उत्पादों, समाधानों और भारत में कृषक समुदाय को सेवा प्रदान करने के माध्यम से भारतीय कृषि को रूपांतरित करने की दिशा में अपनी प्रतिबद्धता को पुनः दोहराते हैं। अपने कल्टीवेटिंग द वर्ल्ड के विजन की ओर अग्रसर होते हुए, हम आश्वस्त हैं कि हम अपने सभी हितधारकों को असाधारण मूल्य प्रदान करने में सक्षम होंगे।

# 'मधुबनी की बदहाल सड़कें और नालियाँ उगल रहीं हैं नगर निगम की नाकामी की कहानी'



**मधुबनी** शहर में नगर निगमों कि खोलती पोल पोखता सड़कों और नाली मनसुबा कि पोल खोलती हुई सड़क तमन्ना शेख समाजिक और बेबाक कार्यकर्ता पब्लिक स्पीकर नगर निगम मधुबनी के साफ सफाई व्यवस्था को लेकर और मधुबनी शहर के लोगों को आने जाने में परिशानियों का सामना करना पड़ रहा है हालत यह है कि पुरी सड़क पर पानी जमा है कहीं से चलने का रास्ता नहीं है महंथी लाल चौक वार्ड नंबर २४ मंदिर के सामने का नजारा श्रद्धालुओं को काफी परिशानी का सामना करना पड़ रहा है सड़क पर गन्दा पानी है ऐसे में थोड़ी सी बारिश हो जाए तो सड़क और नाली भी बुरी हालत में पहुंच जाती है आए दिन दुर्घटना होती रहती हैं और मधुबनी नगर निगम पदाधिकारियों और मधुबनी सांसद विधायक कान में रुई डाल कर सोएं हुए हैं यह कहां का इंसाफ है।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर,
एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# राजस्थान में सरेआम सरकारी स्कूल की शिक्षिका की हत्या, बस के इंतजार में बैठी थी शिक्षिका

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान/जयपुर।** राजस्थान में सरकार अपराध कम होने का दावा भले ही करें कि वास्तविकता में अपराध पर जिस तरह से अंकुश लगाना चाहिए था वह नहीं लग पाया है इसका आज प्रत्यक्ष उदाहरण प्रदेश की बांसवाड़ा जिले में देखने को मिला जब सरे आम एक सरकारी स्कूल की शिक्षिका की उसके पूर्व प्रेमी ने तलवार घोप कर हत्या कर दी। एसपी हर्षवर्धन अग्रवाला के अनुसार जिले के कलिंजरा कस्बे मे स्थित बस स्टेंड पर बस के इंतजार में शिक्षिका लीला ताबियार(36)बैठी हुई थी। तभी वहां उसका पूर्व प्रेमी महिपाल बघोरा आया और उस पर तलवार से वार कर दिया। हमला करने के बाद हमलावर कर से फरार हुआ लेकिन कुछ दूरी पर हड़बड़ाहट हो उसकी कर पेड़ से टकरा गई इसके बाद में कर



को मौके पर छोड़ करी भाग गया इसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। इधर अचानक हुए इस हमले से शिक्षिका सभंल नही पाई इससे वह गम्भीर घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही बागीदौरा डीएसपी और थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार को जब्त कर थाने भिजवाया और घायल महिला को तत्काल एमजी अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने ईसीजी जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। शुरूआत में मृतका की पहचान नहीं हो पाई थी। पुलिस ने सोशल मीडिया पर महिला की फोटो वायरल की और आसपास के थानों को सूचना दी। कुछ घंटों बाद इनकी पहचान लीला ताबियार (36) शिक्षिका के रूप में हुई। वह अरथूना निवासी लक्ष्मण ताबियार की पत्नी थीं। लीला ताबियार संस्कृत विषय में सेकंड ग्रेड शिक्षिका थीं। वह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय छीयामहुडी (ब्लॉक सज्जनगढ़) में कार्यरत थीं उनकी नियुक्ति 2023 में हुई थी। इस हिसाब से अभी उनका प्रोबेशन पीरियड भी बाकी था। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद आज स्कूल खुले थे और शिक्षिका लीला का ड्यूटी पर जाने का पहला ही दिन था और वह ड्यूटी पर जाने के लिए ही बस का इंतजार कर रही थी।



**रविन्द्र चौहान को महाराष्ट्र भाजपा अध्यक्ष बनाये जाने की घोषणा पर उनका स्वागत करते महाराष्ट्र भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा के उपाध्यक्ष श्री अर्जुन गुप्ता व भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता अरूण मोरसावाला सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता।**

# विपक्षी दल होने के नाते हम हमेशा किसानों के मुद्दों पर मजबूती से खड़े हैं : विधायक डॉ विश्वजीत कदम

**सांगली।** पलूस कड़ेगाव विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूर्व मंत्री डॉ. विश्वजीत कदम ने कहा कि, महायुति सरकार जानबूझकर ग्रामीण जनता और किसानों की अनदेखी कर रही है। किसानों की समस्याओं को लेकर सदन में कुछ बोलने नहीं दिया जाता हैं,विपक्षी दल होने के नाते हम हमेशा किसानों



के मुद्दों पर मजबूती से खड़े हैं। लेकिन, मंत्रियों द्वारा बार-बार किसानों का अपमान करने वाले बयान दिए जा रहे हैं। एक जिम्मेदार मंत्री विधायक द्वारा दिए गए ऐसे बयान अस्वीकार्य हैं और सरकार को माफी मांगनी चाहिए, हमारे वरिष्ठ नेता माननीय नाना पटोले ने सदन में इस मांग को मजबूती से उठाया था। लेकिन सरकार ने उनकी आवाज दबाने के लिए उनके खिलाफ कार्रवाई की - यह लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। आज विपक्ष की आवाज दबाई जा रही है, कल किसानों को चुप कराया जाएगा। लेकिन कांग्रेस चुप नहीं रहेगी। अन्याय के खिलाफ हम सभी विपक्ष लड़ाई जारी रखेगी।

# 'हेल्पलाइन फाउंडेशन ने 75% से अधिक अंक लाने वाले छात्रों को किया सम्मानित, शिक्षा के प्रति बढ़ाया उत्साह'

**मुंबई।** 29 जून को मुंबई के मालाड क्षेत्र में हेल्पलाइन फाउंडेशन एनजीओ द्वारा एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें श्रीमाली ब्राह्मण गोडवाड़ समाज के उन सभी छात्रों को सम्मानित किया गया जिन्होंने एस.एस.सी., एच.एस.सी. और सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षाओं में 75% से अधिक अंक प्राप्त किए। इस सम्मान समारोह में मनोहर ओझा, पन्ना ओझा, रुचिता सोलंकी और अंकित जैन ने छात्रों और उनके माता-पिता को शुभकामनाएं दीं। यह फाउंडेशन वर्ष 2015 से स्वास्थ्य, शिक्षा और दिव्यांग जनों के लिए विभिन्न




सामाजिक सेवाओं में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को प्रोत्साहित करना और समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाना था।

## (पृष्ठ 1 का समाचार)

### काली धरती ही है असली 'शक्तिपीठ'

इसी पृष्ठभूमि में प्रहार जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष और विधायक बच्चू कडू ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर जमकर निशाना साधा। बच्चू कडू ने कहा कि महामार्ग बनाने से पहले असली शक्तिपीठ को जागृत करो। यह काली धरती ही हमारा असली शक्तिपीठ है, जो हमें अन्न देती है। जो किसान इसके लिए दिन-रात मेहनत करता है, उसके लिए न्याय का महामार्ग खोलना सरकार का पहला कर्तव्य होना चाहिए। कडू ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि 85 हजार करोड़ रुपये का महामार्ग हमने नहीं मांगा। इसे जबरन हम पर न थोपा जाए। सरकार कर्जमाफी जैसे जरूरी मुद्दों को टालकर सिर्फ कुछ ठेकेदारों और चुनिंदा लोगों की जेबें भरने में लगी है। पहले उस जमीन की रक्षा करो जो हमें पालती है। यही असली शक्तिपीठ है। हम इस परियोजना के विरोध में लड़ रहे हर संगठन का समर्थन करते हैं।

### मनपा चुनाव अकेले लड़ेगी कांग्रेस

पृथ्वीराज चव्हाण के बयान के एक दिन पहले कांग्रेस के महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला ने कहा था कि कांग्रेस आगामी 7 जुलाई को इस बारे में निर्णय करेगी कि बीएमसी का चुनाव एमवीए के सहयोगी दलों के साथ मिलकर लड़ना है या कोई दूसरी राह अपनानी है। पृथ्वीराज चव्हाण ने कहा कि जिला परिषदों, पंचायत समितियों और दूसरे स्थानीय निकाय के चुनावों में आमतौर पर गठबंधन के बारे में कांग्रेस जिला इकाई निर्णय लेती रही है, लेकिन यह तय है कि सत्तारूढ़ गठबंधन महायुति से संबंधित किसी भी पार्टी के साथ तालमेल नहीं होगा। क्या कांग्रेस बीएमसी चुनाव गठबंधन में लड़ेगी या अकेले? इ

### सदावर्ते को उद्धव-राज-शरद से जान का खतरा

जिस तरह से वे यह सब करके अकादमिक हत्या पर जीत का जश्न मना रहे हैं, मेरे हिसाब से यह उनकी विजय रैली नहीं बल्कि उनकी तांडव रैली है, गुणरत्न सदावर्ते ने उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे की कड़ी आलोचना की। जिसके बाद सदावर्ते मराठी लोगों का अपमान कर रहे हैं, गुणरत्न सदावर्ते के कान के नीचे थप्पड़ मारने वाले को मैं 1 लाख का इनाम देने की घोषणा करूंगा और जो भी वास्तव में उनके कान के नीचे थप्पड़ मारेगा, मैं उसे यह राशि दूंगा, ऐसा शिवसेना उबाठा के कार्यकर्ता भिसे ने कहा है।

### मुंबई-पुणे में झमाझम बारिश

राज्य सरकार और जिला प्रशासन ने सतर्कता बरतते हुए नागरिकों से अपील की है कि वह अनावश्यक यात्रा से बचें, नदी-नालों के पास न जाएं और मौसम विभाग के निर्देशों का पालन करें।

# वांछित फाउंडेशन की टीम द्वारा बच्चों को स्टेशनरी वितरित की गई



**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** वांछित फाउंडेशन मध्यप्रदेश की टीम ने गांव भीमपुरा में एक शानदार पहल की है, जहां उन्होंने स्कूल में बच्चों को कॉपी, पेन और पुस्तकों का वितरण किया। इस कार्यक्रम में वांछित फाउंडेशन के सक्रिय सदस्य सोमिल तिल्लानी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर वांछित फाउंडेशन के कई सदस्य उपस्थित थे, जिनमें मांगीलाल राठौर, सोनू भारती, डॉ. कुलदीप शर्मा, पर्वत सिंह, प्रहलाद अहीर व श्याम धाकड़ शामिल थे। इसके अलावा, विद्यालय के सभी शिक्षक और ग्रामवासी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। वांछित फाउंडेशन की ऐसी पहल बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने और उनकी जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है। इससे पहले भी वांछित फाउंडेशन ने विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया है। जैसे कि हिंदू नववर्ष कार्यक्रम, सम्मान समारोह और पौधारोपण कार्यक्रम। इन आयोजनों के माध्यम से वांछित फाउंडेशन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करता है।

पहाड़ में बादलों की दहाड़

# मंडी में 13 घंटे में 11 बार बादल फटे, 4 की मौत व 18 लापता

*हिमाचल प्रदेश में 11 दिनों में 50 के करीब लोगों की मौत। 277 लोगों को सुरक्षित बचाया गया है। राज्य आपदा प्रबंधन ने बताया कि चंबा में 3, मंडी में 233 और हमीपुर में 51 लोगों को बचाया गया है। फ्लैश फ्लड और लैंडस्लाइड में 10 घर, 12 गोशालाएं जमींदोज हो गई हैं। चंबा, हमीरपुर और किन्नौर में लोगों को रेस्क्यू किया गया*

मुंबई हलचल / मंडी

हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश से खासा नुकसान हुआ है। आपदा प्रबंधन ने बीते 13 घंटे में हुए नुकसान की रिपोर्ट जारी की है। इसमें 4 लोगों की मौत हुई है, जबकि 18 लोग लापता हैं और 277 लोगों को सुरक्षित बचाया गया ह। राज्य आपदा प्रबंधन ने बताया कि चंबा में 3, मंडी में 233 और हमीपुर में 51 लोगों को बचाया गया है। वहीं, फ्लैश फ्लड और लैंडस्लाइड में 10 घर, 12 गोशालाएं जमींदोज हो गई हैं। मंडी जिले के अलावा, चंबा, हमीरपुर और किन्नौर में लोगों को रेस्क्यू किया गया है।



## सुख्खू का दावा-800 करोड़ का प्रारंभिक नुकसान

हमीरपुर दौरे पर गए मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने दावा किया है कि बीती रात मंडी जिले में 8 स्थानों पर बादल फटने की घटनाएं हुई हैं, जिससे प्रदेश को अब तक लगभग 800 करोड़ रुपए का प्रारंभिक नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि ब्यास नदी उफान पर है, और नादौन में नदी किनारे एक महिला का शव बरामद हुआ है। राज्य के विभिन्न हिस्सों से लगातार नुकसान की सूचनाएं मिल रही हैं। आपदा प्रबंधन ने अब तक 129 करोड़ रुपए के नुकसान की जानकारी दी है। अब तक प्रदेश में मानसून के 11 दिनों में 50 लोगों की मौत हुई, इसमें सड़क हादसे भी शामिल हैं।



## बालासोर में बाढ़ की स्थिति गंभीर, कई गांव डूबे

**बालासोर।** ओडिशा के बालासोर जिले में मंगलवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी रही और जिले के उत्तरी हिस्सों में लगभग 100 गांवों के लोग जलमग्न सड़कों और खेतों के कारण बेहाल हैं। अधिकारियों ने बताया कि हालिया भारी बारिश और झारखंड से पानी छोड़े जाने के कारण स्वर्णरेखा नदी में आई बाढ़ की वजह से भोगराई, बलियापाल, जलेश्वर और बस्ता प्रखंड के गांव प्रभावित हुए हैं।

## पावर प्रोजेक्ट्स ठप

उन्होंने बताया कि प्रदेश के अधिकांश राष्ट्रीय राजमार्ग सुचारू रूप से चालू हैं और लोक निर्माण विभाग सड़कों की बहाली में दिन-रात जुटा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि बारिश के कारण सबसे ज्यादा नुकसान पावर प्रोजेक्ट्स को हुआ है।

## मंडी में कई की गई जान

*मंडी जिले में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है। गोहर, बगस्याड, धर्मपुर के कुछ इलाकों में बादल फटने की घटनाए सामने आई हैं। 30 घटों में बरसात ने 2023 की आपदा की याद दिला दी है। अब तक 170 लोगों का रेस्क्यू किया गया है।*

## देश के कई राज्यों में अलर्ट

***नई दिल्ली।*** *भारतीय मौसम विभाग ने देश के कई राज्यों में अलर्ट जारी किया है। गुजरात में यलो अलर्ट है। यहां पर अहमदाबाद, अमरेली, आनंद, अरावली, बनासकांठा, भरूच, भावनगर, बोतड, छोटा उदयपुर, दाहोद, डांग, देवभूमि द्वारका, गांधीनगर भारी बारिश की आशंका है। यहां के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। गुरदासपुर, होशियारपुर, जालंधर, कपूरथला, लुधियाना, मानसा, मोगा, श्री मुक्तसर साहिब, पठानकोट, पटियाला, अमृतसर, बरनाला, बठिंडा, फरीदकोट, फतेहगढ़ साहिब, फिरोजपुर में पूरे दिन बरसात होने के आसार हैं इसलिए अलर्ट जारी किया गया है। कानपुर, आगरा, हमीरपुर, चित्रकूट, जालौन, जौनपुर, महोबा, ललितपुर, लखीमपुर खीरी, वाराणसी, गाजीपुर, प्रयागराज, मेरठ, गोरखपुर, संत कबीर नगर, नोएडा, मथुरा में बारिश की आशंका व्यक्त की गई है और चेतावनी जारी की गई है।*

अरब सागर में फिर देवदूत बनी भारतीय नौसेना

# विदेशी जहाज में लगी आग बुझाई 14 भारतीयों की जान भी बचाई

*29 जून की सुबह, मिशन-आधारित तैनाती पर मौजूद आईएनएस तबर को एमटी यी चेंग 6 से 'मेडे' (आपातकालीन) कॉल प्राप्त हुआ। जहाज ने अपने इंजन कक्ष में भीषण आग लगने की सूचना दी*

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारतीय नौसेना ने एक बार फिर अपनी तेज प्रतिक्रिया और समुद्री सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए समुद्री जहाज पर लगी आग पर काबू पाया है। नौसेना ने समुद्र में संकट की घड़ी में अपनी वीरता और तत्परता का परिचय देते हुए अरब सागर में एक विदेशी तेल जहाज में लगी भीषण आग पर काबू पा लिया। इस बड़े अग्निकांड के दौरान नौसेना ने जोखिम भरे अग्निशमन और बचाव अभियान को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। नौसेना ने इस ऑपरेशन में समुद्री जहाज पर मौजूद सभी 14 भारतीय क्रू सदस्यों को सुरक्षित बचा लिया।

### खास बातें

- 19 नौसेना कर्मियों ने जहाज पर पहुंचकर दमकल ऑपरेशन को दी मजबूती
- ऑपरेशन में सभी लोग सुरक्षित, जहाज पर तापमान की निगरानी की जा रही



## नौसेना की फायरफाइटिंग टीम ने किया कमाल

मामले में आईएनएस तबर से 6 सदस्यीय फायर फाइटिंग टीम ने तुरंत जहाज पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू की। प्रारंभिक प्रयासों में धुएं को इंजन रूम तक सीमित कर लिया गया। बाद में 13 अतिरिक्त नौसेना कर्मियों (5 अफसर और 8 नाविक) भेजे गए, जिससे दमकल ऑपरेशन को मजबूती मिली। भारतीय नौसेना ने बताया कि इस ऑपरेशन में किसी को कोई चोट नहीं आई और सभी 14 भारतीय क्रू मेंबर्स को मेडिकल टीम ने जांच कर सुरक्षित घोषित किया। आईएनएस तबर घटना स्थल के पास मौजूद है ताकि जरूरत पड़ने पर और मदद दी जा सके। नौसेना का कहना है कि लगातार प्रयासों के फलस्वरूप आग पर पूरी तरह से नियंत्रण पा लिया गया है।

## नौसेना समुद्र की सच्ची प्रहरी

*भारतीय नौसेना के इस साहसी और कुशल प्रयासों ने न केवल जहाज को बचाया, बल्कि सभी 14 भारतीय क्रू सदस्यों की सुरक्षा सुनिश्चित की। यह घटना फिर एक बार यह सिद्ध करती है कि भारतीय नौसेना समुद्र की सच्ची प्रहरी है। भारतीय नौसेना न केवल परिचालन रूप से सजग है, बल्कि समुद्री सुरक्षा, आपातकालीन प्रतिक्रिया और मानवता के लिए हमेशा तैयार है। यह भारत की 'प्रथम उत्तरदाता' की भूमिका को और मजबूत करता है।*



## आईएनएस तबर ने दिखाई तत्परता

*भारतीय नौसेना को जैसे ही एसओएस संदेश मिला, युद्धपोत आईएनएस तबर को तुरंत अधिकतम गति से रवाना किया गया। जहाज के पास पहुंचकर, नौसेना ने जहाज के कप्तान से संपर्क स्थापित किया और तत्काल अग्निशमन अभियान शुरू किया और 7 क्रू मेंबर्स को अपने जहाज पर सुरक्षित रूप से निकाल लिया। जबकि शेष क्रू सदस्य और जहाज के कप्तान ने वहीं रहकर आग बुझाने में मदद की। नौसेना के मुताबिक 29 जून की सुबह, मिशन-आधारित तैनाती पर मौजूद आईएनएस तबर को एमटी यी चेंग 6 से 'मेडे' (आपातकालीन) कॉल प्राप्त हुआ। जहाज ने अपने इंजन कक्ष में भीषण आग लगने की सूचना दी। यह जहाज पलाउ के झंडे के तहत चल रहा था। जो संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के फुजैरा तट से लगभग 80 नॉटिकल मील पूर्व में समुद्र में था।*

FINOLEX PIPES & FITTINGS
Mukul Madhav Foundation
DISTRIBUTION OF RAINCOATS
on Thursday 3rd July 2025 at 7:00 pm
At KHATWARI DARBAAR
linking road, khar west, Mumbai 400052,
For Needy People to be Benefitted
Allstars
MUMBAI HALCHAL
GNC LEGAL
Adv. Gauri Chhabria (Organiser)
WGU Trustee & President- VSSS Mumbai

### एयर इंडिया का एक और बड़ा हादसा टला

## 14 जून की घटना, वियना जा रही फ्लाइट 900 फीट नीचे आ गई थी, सुरक्षित उतारा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दिल्ली से वियना जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट एआई-187 (बोइंग 777) उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद हवा में 900 फीट नीचे गिर गई। यह घटना 14 जून 2025 को सुबह 2:56 बजे इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से रवाना होने के तुरंत बाद हुई। विमान में स्टॉल और ग्राउंड प्रॉक्सिमिटी चेतावनियां सक्रिय हो गईं, जिसमें 'डू नॉट सिंक' अलर्ट बार-बार बजा। पायलटों ने त्वरित कार्रवाई कर विमान को स्थिर किया और नौ घंटे की उड़ान के बाद यह वियना में सुरक्षित उतरा। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने बताया कि पायलटों ने घटना की जानकारी तुरंत दी, जिसके बाद नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) को सूचित किया गया। विमान के फ्लाइट डेटा



रिकॉर्डर की जांच शुरू हो गई है और परिणाम आने तक दोनों पायलटों को उड़ान ड्यूटी से हटा दिया गया है। डीजीसीए ने एयर इंडिया के सुरक्षा प्रमुख को तलब कर रखरखाव और परिचालन खामियों की गहन जांच शुरू की है। 23 जून 2025 को डीजीसीए ने गुरुग्राम में एयर इंडिया के मुख्यालय पर व्यापक ऑडिट शुरू किया, जिसमें उड़ान संचालन, शेड्यूलिंग, रोस्टरिंग और एकीकृत परिचालन नियंत्रण केंद्र (आईओसीसी) की जांच शामिल हैं।

### भारत में हुए सुधारों पर स्पेन में बोलीं वित्त मंत्री सीतारमण

## निजी निवेश बढ़ा पर अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी, वित्तीय प्रवाह जरूरी

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

स्पेन, पुर्तगाल और ब्राजील की आधिकारिक यात्रा पर गईं वित्त मंत्री मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्पेन के सेविले में अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंच के शिखर सम्मेलन के दौरान सतत विकास के लिए निजी पूंजी जुटाने की जोरदार वकालत की। उन्होंने 'एफएफडी4 परिणाम से कार्यान्वयन तकः सतत विकास के लिए निजी पूंजी की क्षमता को अनलॉक करना' शीर्षक पर अपनी राय रखी।



सीतारमण ने कहा कि हाल के वर्षों में निजी निवेश ने उत्साहजनक वृद्धि दिखाई है, लेकिन अब भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। निजी पूंजी निवेश अब भी आवश्यकता से काफी कम है, कम और मध्यम आय वाले देशों को अनुपातहीन रूप से छोटा हिस्सा मिल रहा है। निवेश बाधाओं को दूर करने और विकास प्राथमिकताओं के साथ वित्तीय प्रवाह को बेहतर करने के प्रयासों की तत्काल आवश्यकता है। उन्होंने उभरते बाजारों में कथित निवेश जोखिमों को संबोधित करने के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत ने इन चुनौतियों को दूर करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारत ने स्वतंत्र विनियामकों की स्थापना, पारदर्शी बोली प्रक्रियाओं को लागू करने, अनुबंधों को मानकीकृत करने और व्यापार करने में आसानी में सुधार करके इस चुनौती का समाधान किया है।

## एक साल पहले इसी महीने 1,73,813 करोड़ रुपए था

# मई के मुकाबले जून में गिरा जीएसटी कलेक्शन सरकार को 1.84 लाख करोड़ रुपए की कमाई

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सकल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। एक साल पहले इसी महीने में यह 1,73,813 करोड़ रुपये था। मंगलवार को जारी सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। जीएसटी संग्रह मई में 2.01 लाख करोड़ रुपये रहा था। इस साल अप्रैल में जीएसटी संग्रह 2.37 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया था। घरेलू लेनदेन से सकल राजस्व जून में 4.6 प्रतिशत बढ़कर करीब 1.38 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि आयात से जीएसटी राजस्व 11.4 प्रतिशत बढ़कर 45,690 करोड़ रुपये रहा।

- सकल जीएसटी संग्रह जून में 6.2 प्रतिशत बढ़ा

**खास बातें**

- जीएसटी संग्रह मई में 2.01 लाख करोड़ रुपए रहा
- अप्रैल में जीएसटी संग्रह रिकॉर्ड 2.37 फीसदी के उच्च स्तर पर रहा




### जून में कुल रिफंड 28.4 फीसदी बढ़ा

सकल केंद्रीय जीएसटी राजस्व जून में 34,558 करोड़ रुपये, राज्य जीएसटी राजस्व 43,268 करोड़ रुपये और एकीकृत जीएसटी राजस्व करीब 93,280 लाख करोड़ रुपये रहा। उपकर से राजस्व 13,491 करोड़ रुपये रहा। इस बीच, जून में कुल 'रिफंड' 28.4 प्रतिशत बढ़कर 25,491 करोड़ रुपये हो गया।

### जून के शुद्ध जीएसटी संग्रह में 8.48 फीसदी की कमी

शुद्ध जीएसटी संग्रह सालाना आधार पर 3.3 प्रतिशत बढ़कर 1.59 लाख करोड़ रुपये रहा। बीडीओ इंडिया के अप्रत्यक्ष कर भागीदार कार्तिक मणि ने कहा कि मासिक आधार पर आंकड़ों को देखें तो इस साल जून के शुद्ध जीएसटी संग्रह में 8.48 प्रतिशत की कमी आई है। इस दौरान घरेलू बाजार और आयात से संग्रह में गिरावट हुई।

### सालाना आधार पर धीमी वृद्धि

मणि ने कहा कि जीएसटी लागू होने की 8वीं वर्षगांठ पर उम्मीद है कि सालाना आधार पर संग्रह में इतनी धीमी वृद्धि महज एक अपवाद है और आने वाले महीनों में जीएसटी संग्रह सामान्य वृद्धि की राह पर लौट आएगा।

### महाराष्ट्र, बंगाल के संग्रह में वृद्धि

समीक्षाधीन महीने में महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, राजस्थान और तमिलनाडु जैसे बड़े राज्यों ने संग्रह में 4-8 प्रतिशत के बीच वृद्धि दर्ज की, जबकि उत्तर प्रदेश, पंजाब और गुजरात जैसे अन्य राज्यों ने 1-4 प्रतिशत के बीच गिरावट की सूचना दी है। हरियाणा, बिहार और झारखंड जैसे कुछ राज्यों ने 10 प्रतिशत की औसत वृद्धि दर्ज की।

### भारत अच्छी स्थिति में है

टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी के भागीदार विवेक जालान के अनुसार, लगातार दो महीनों में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक जीएसटी राजस्व और दोहरे अंक की वृद्धि के बाद, जून 2025 में 1.85 लाख करोड़ रुपये का संग्रह थोड़ा कम लगता है। उन्होंने कहा कि जीएसटी में इस साल अभी तक 11.8 प्रतिशत की वृद्धि से लगता है कि वैश्विक उथल-पुथल के बीच भारत अच्छी स्थिति में है।

# यूट्यूब से सीखकर घर में छापने लगे नकली नोट, दिल्ली और यूपी में होती सप्लाई

**मेरठ।** यूपी के मेरठ में नकली करेंसी 15.16 लाख के साथ फुगाना पुलिस ने दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरोह में शामिल एक आरोपी फरार है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। गिरफ्तार आरोपियों से नकली करेंसी के साथ एक कार व नकली करेंसी छापने के उपकरण बरामद किए गए हैं। पूछताछ में सामने आया आरोपी मेरठ के पल्लवपुरम में इन्द्रप्रस्थ कालोनी में किराए का मकान लेकर नकली नोट छापे गए थे। पकड़े आरोपियों से आईबी व एलआईयू की टीम ने पूछताछ की है। पुलिस लाइन में वार्ता करते हुए एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि फुगाना थाना प्रभारी गजेन्द्र सिंह ने मुखबिर की सूचना पर लोई नहर पुल पर एक कार को रोका। पुलिस ने कार सवार गौरव उर्फ जितन व अभय उर्फ तुषार निवासीगण जीतुपर थाना दौराला को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने कार की तलाशी ली तो कार से 500,200 व 100 रुपये की नकली करेंसी बरामद हुई। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने मेरठ के पल्लवपुरम में दबिश देकर किराए के मकान से प्रिंटर, स्केनर, कागज व अन्य सामान बरामद किया



है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 15 लाख 16 हजार के नकली नोट बरामद किए हैं। उनके एक साथी अंकित निवासी मेरठ अभी फरार है। जिसकी तलाश में पुलिस टीम लगी हुई है। पकड़े गए आरोपियों से पुलिस के साथ आईबी व एलआईयू की टीम ने पूछताछ की। गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि नकली नोट दिल्ली व यूपी के कई जिलों में सप्लाई किए जाते थे। गिरफ्तार दोनों आरोपी बुढाना क्षेत्र में नकली नोटों की सप्लाई करने आए थे। जिन्हें पुलिस ने दबोच लिया। नकली नोट किसे सप्लाई करने थे। उनके बारे में पुलिस जानकारी कर रही है।

**गिरफ्तार दोनों आरोपी है इंटर पास**

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि दोनों 12 वी कक्षा पास कर रखी है। गिरफ्तार आरोपी गौरव कार चलाता है, जबकि उसका साथी तुषार सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम करता है। दोनों आरोपी अपने फरार साथी के साथ नकली नोट छापकर सप्लाई कर रहे थे। एसएसपी ने नकली नोट के साथ तस्करों को गिरफ्तार करने वाली टीम को 15 हजार का इनाम देने की घोषणा की है। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उन्होंने यूट्यूब के माध्यम से नकली नोट छापने के बारे में सीखा। उसके बाद उन्होंने प्रिंटर, स्कैनर व अन्य सामान की मदद से नकली नोट बनाए गए हैं। यह गिरोह काफी समय से नकली नोट छापने का अवैध काम कर रहे है।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# तुलसी के पत्तों से बनाएं अलग-अलग फेसपैक और पाएं नैचुरल निखार



तुलसी में बहुत सारे औषधीय गुण पाए जाते हैं जो शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करते हैं। इसके अलावा इससे तैयार किए फेस पैक कई तरह की स्किन प्रॉब्लम से राहत दिलाते हैं। इसे चेहरे पर लगाने से प्राकृतिक निखार आता है। सबसे खास बात यह है कि इसे चेहरे पर अप्लाई करने से किसी तरह का साइड-इफैक्ट भी नहीं होता। आइए जानिए अलग-अलग स्किन प्रॉब्लम के लिए कैसे बनाएं तुलसी के फेसपैक?

इससे फेसपैक बनाने के लिए सबसे पहले तुलसी के पत्तों को धूप में सूखा लें और इसे पीस कर पाउडर बना लें।

**1. तुलसी और मुल्तानी मिट्टी**

इस पैक को तैयार करने के लिए कटोरी तुलसी पाउडर, चंदन पाउडर, मुल्तानी मिटटी, जैतून का तेल और गुलाबजल डाल कर पेस्ट तैयार कर लें। अब इसे चेहरे पर 15-20 मिनट तक लगा कर बाद में ठंडे पानी से धोएं। इससे आपके चेहरे की थकावट दूर होगी और आपको फ्रेशनेस महसूस होगी।

**2. तुलसी और टमाटर**

जिन लड़कियों के चेहरे पर मुंहासे निकलते हो उनके लिए यह फेसपैक काफी फायदेमंद है। इसे बनाने के लिए सबसे पहले टमाटर के गुदा लेकर उसमें तुलसी की पत्तियों का पाउडर मिलाएं। अब इस पेस्ट कुछ देर तक चेहरे लगाएं और फिर ठंडे पानी से धो लें।

**3. तुलसी और नीम**

इस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले 2 लौंग को कुछ समय के लिए पानी में भिगो कर रख दें। फिर इसे पीसकर इसमें तुलसी और नीम के पत्ते डाल क दोबारा पीस लें। अब इस पेस्ट को 30 मिनट तक चेहरे पर लगाएं और बाद में ठंडे पानी से धो लें।

**4. तुलसी और नींबू का फेसपैक**

चेहरे से कील, मुंहासे और गंदगी को हटाने के लिए तुलसी के पत्तों को पीस कर पेस्ट बना लें। फिर इसमें नींबू की कुछ बूंदें मिलाएं। अब इस पेस्ट को 15 मिनट के तक चेहरे पर लगाएं। फिर इसे ठंडे पानी से धो लें।

**5. तुलसी और दही**

दही में तुलसी पाउडर मिला कर पेस्ट बना लें। फिर इसे चेहरे पर लगा लें और सूखने के बाद धो लें।

# गर्मियों में इस तरह रखें स्किन का ख्याल



गर्मियों के मौसम में गर्म हवाएं चलती हैं जो सबसे ज्यादा चेहरे को प्रभावित करती हैं। कुछ समय तक धूप में रहने से चेहरा काला नजर आने लगता है। जो व्यक्ति की खूबसूरती को नष्ट कर देता है। ऐसे में अपनी खोई रंगत को वापिस पाने के लिए लोग कई तरह के ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं। मगर उसे ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। ऐसे में घरेलू चीजों का यूज करके गर्मयों में स्किन का ध्यान रखा जा सकता है।

**1. खीरा**

खीरे के रस में दो चम्मच, मिल्क पाऊडर तथा एक अंडे की सफेदी में मिला कर नर्म पेस्ट तैयार करें। इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं, आधे घंटे बाद पानी से धो लें।

**2. पपीता**

तैलीय त्वचा के लिए चेहरे पर पपीते का गूदा मास्क की तरह लगाएं लगाएं। इसमें एंजाइम्स होते हैं। यह एक शक्तिशाली क्लिंजर है। यह त्वचा को चमकदार बनाने में सहायक होता है।

**3.मुल्तानी मिट्टी**

मुल्तानी मिट्टी लगाने से चेहरे को ठंडक और आराम मिलता है। 1 टेबलस्पून मुल्तानी मिट्टी को गुलाब जल में मिलाकर लगाएं। 15 मिनट लगाने के बाद चेहरे को धो लें। इससे चेहरा पहले की तरह खिला-खिला नजर आने लगेगा।

**4. आलू**

क्लींजिंग करने के लिए कच्चे आलू की स्लाइस लें। 5 मिनट के लिए इसको चेहरे पर रगड़ें। ऐसा करने से गर्मियों में चेहरे का रंग साफ हो जाएगा।

**5. तरबूज**

तरबूज का रस एक अच्छा स्किन टोनर है। इससे गर्मियों में होने वाले रूखेपन से छुटकारा मिलता है। यह त्वचा को ताजगी देता है। इसे नर्म बनाता है।


**6. सनस्क्रीन लोशन**

15 या 20 एस.पी.एफ वाला सनस्क्रीन लोशन लगाएं। यदि आपकी त्वचा को पिग्मैंटेशन या दाग धब्बों का खतरा है, तो अधिक एस.पी.एफ वाला लोशन लगाएं। धूप में जाने से 20 मिनट पहले इसे लगाएं ताकि यह त्वचा में अच्छे से मिल जाए। याद रखें इसे धूप से प्रभावित सभी हिस्सों जैसे गर्दन के पीछे तथा बाजुओं पर लगाएं।

# अंडरआर्म्स के हेयर रिमूव करते समय इन बातों पर दें ध्यान

गर्मियों में लड़कियों को विदाउट स्लीव ड्रेस पहनने के लिए सबसे बड़ी दिक्कत अंडरआर्म्स के अनचाहे बालों की होती है। जिसे हटाने के लिए वे पार्लर में जाकर वैक्सिंग करवाती है या फिर घर पर शेविंग या खुद वैक्सिंग करके इसे हटाती है। अगर आप भी घर पर शेविंग करके अनचाहे बालों को हटाती है तो इन बातों पर ध्यान जरूर दें। इससे आपके बाल भी आसानी से हट जाएंगे और किसी तरह के रैशेज भी नहीं पड़ेगें। कुछ लड़कियां अंडरआर्म्स को साफ किए बिना बालों को हटाने लगती है, जिससे बालों को हटाने में उतना ही समय लगता है। इसलिए बालों को हटाने से पहले अच्छी धोकर स्क्रब लगा कर एक्सफोलिएट करें। इससे बाल नरम होकर आसानी से निकल जाएंगे। अगर आपने वैक्सिंग स्ट्रिप से बाल रिमूव करने है तो इसे स्क्ब करके इसे अच्छी तरह सोख लें। अंडरआर्म्स के बाल हटाते समय स्किन को अच्छी तरह स्ट्रेच करें ताकि शेविंग या वैक्सिंग स्ट्रिप यूज करते समय कट न लग जाए। इससे बाल पूरी तरह से हट जाएंगे और आपको क्लीन लुक मिलेगा। शेविंग या वैक्सिंग स्ट्रेप से हेयर रिमूव करते समय रेजर की मूवमेंट बालों की ग्रोथ के अपोजिट डायरेक्शन में रखें। जिस तरह अगर आपके बालों की ग्रोथ ऊपर से नीचे की तरफ है तो रेजर या स्ट्रेप से हेयर को नीचे से ऊपर की तरफ निकालें।

# हार्ट अटैक से बचने के लिए चेस्ट पेन होने पर तुरंत करें ये 5 काम



भारत में हार्ट अटैक के कारण होने वाली मौतों की संख्या बढ़ती जा रही है। भारत में 23% मौते हार्ट अटैक की वजह से होती हैं। जिसका मुख्य कारण समय पर सही ट्रीटमेंट न मिलना है। अगर किसी के चेस्ट पेन हो रही हो और उसे डॉक्टर के पास पंहुचने तक फर्स्ट एड मिल जाएं तो रोगी की जान बचाई जा सकती है। आइए जानिए वह कौन-कौन से फर्स्ट एड है जिसे इस्तेमाल करके किसी को बचाया जा सकता है।

1. जोर-जोर से खांसना

अगर कभी किसी के अचानक चेस्ट या हार्ट पेन और चक्कर आने लगे तो उसे जोर-जोर से खांसना शुरू करना चाहिए। ऐसे तब ही करना है जब बेहोश होने जैसा फील हो रहा हो। इससे धमनियां रिलेक्स फील करती है।

2. कार्डियक मसाज

हार्ट में प्रॉब्लम होने पर दोनों हाथों से हार्ट की पपिंग करें लेकिन इसे ट्रेंड प्रशिक्षक से ही करवाना चाहिए। फर्स्ट एड के दौरान आप इंटरनेट पर वीडियो देखकर भी इसे कर सकते हैं। इससे रोगी को काफी हद तक राहत मिलेगी।

3. डिस्प्रिन टेबलेट लें

जिनको अचानक पहली बार हार्ट अटैक आए वे डिस्प्रीन की टेबलेट जीभ के नीचे रख लें। लेकिन यह केवल डॉक्टर के पास जाने तक का टेम्प्रेरी ईलाज है।

4. घबराएं नहीं


चेस्ट पेन होने पर घबराएं नहीं बल्कि अपने मन को शांत करके डॉक्टर के पास पंहुचे। डॉक्टर के मुताबिक दिल के रोगी की मौत चेस्ट पेन के दौरान नहीं होती बल्कि घबराहट के कारण बढ़ने वाली हार्टबीट से होती है।

5. चेस्ट पेन को इग्नोर न करें

अगर कभी भी चेस्ट पेन हो तो उसी समय सभी काम छोड़ कर डॉक्टर के पास जाएं। इसके अलावा किसी भी दोस्त या रिश्तेदार की मदद लें।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर




# परेश की वापसी पर सुनील ने किया रिएक्ट

**बॉलीवुड** की आइकॉनिक कॉमेडी फिल्म हेरा फेरी का पार्ट 3 एक बार फिर दर्शकों को हंसी का फुल डोज देने के लिए तैयार है। लंबे समय से हेरा फेरी 3 को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह बना हुआ है, लेकिन परेश रावल के फिल्म से अलग होने की खबर ने लोगों को थोड़ी निराशा में डाल दिया था। हालांकि अब खुद परेश रावल ने इस पर मुहर लगा दी है कि वो फिल्म का हिस्सा होंगे। एक हालिया पॉडकास्ट इंटरव्यू में परेश रावल ने इस बात की पुष्टि की कि हेरा फेरी 3 में उनकी वापसी हो रही है। उन्होंने कहा, कॉन्ट्रोवर्सी जैसी कोई बात नहीं थी। जब कोई चीज लोगों को बहुत पसंद आती है, तो हमारी जिम्मेदारी होती है कि हम और भी सावधानी से काम करें। बस कुछ चीजों पर आपसी समझ बनानी होती है, जो अब हो चुकी है। फिल्म से जुड़े बदलावों को लेकर परेश रावल पहले थोड़े अनकंफर्टेबल थे, लेकिन अब उन्होंने साफ कर दिया है कि सब कुछ ठीक हो गया है और वो फिर से बाबू भैया के किरदार में नजर आएंगे। ऐसे में जब इस खबर पर सुनील शेट्टी से रिएक्शन मांगा गया, तो उन्होंने हंसते हुए कहा, मैं भी सुन रहा हूं कि फाइन ट्यूनिंग हो चुकी है। अब फिल्म रिलीज होने के बाद ही बात करूंगा, उससे पहले कुछ नहीं कहूंगा। सुनील ने यह भी बताया कि हेरा फेरी 3 एक फैमिली एंटरटेनर होगी जैसी कि इसके पिछले दो भाग थे। उन्होंने आगे कहा कि यह वही फिल्म है जिसे आप पूरे परिवार के साथ बैठकर बिना किसी हिचक के देख सकते हैं। इसमें कोई ऐसा कंटेंट नहीं होगा जो आपको शर्मिंदा करे। बस खुलकर हंसना है।

# दोबारा शादी रचाएंगी सामंथा !

**साउथ** इंडस्ट्री की मशहूर एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु अपनी फिल्मों के साथ-साथ पर्सनल को लेकर भी अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। नागा चैतन्य से तलाक के बाद से ही उनकी पर्सनल लाइफ और ज्यादा चर्चा में आ गई है। अब खबरें हैं कि सामंथा फिल्ममेकर राज निदिमोरु को डेट कर रही हैं और दोनों का रिश्ता वक्त के साथ अब गहरा होता जा रहा है। हाल ही में कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि सामंथा और राज निदिमोरु एक-दूसरे को लेकर काफी सीरियस हैं। दोनों को अक्सर साथ में देखा गया है, लेकिन दोनों ने अब तक अपने रिलेशनशिप पर कोई पब्लिक रिएक्शन नहीं दिया है। सोशल मीडिया पर भी सामंथा ने कई बार ऐसी तस्वीरें साझा की हैं, जिनमें वह राज के साथ नजर आ रही हैं। डेकेन क्रॉनिकल की रिपोर्ट के अनुसार, इस जोड़ी के बीच नजदीकियां बढ़ चुकी हैं और वो इस साल के अंत तक अपने रिश्ते को ऑफिशियल करने का प्लान कर रहे हैं। सूत्रों की मानें तो दोनों एक-दूसरे को लेकर बेहद कमिटेड हैं और परिवार व करीबी दोस्तों को भी इनके रिश्ते की जानकारी हो चुकी है। हालांकि, इससे पहले ऐसी भी खबरें सामने आई थीं कि सामंथा और राज लिव-इन में रहने की प्लानिंग कर रहे हैं। इन रिपोर्ट्स को सामंथा की टीम ने खारिज करते हुए उन्हें अफवाह बताया था और स्पष्ट किया था कि ऐसा कुछ भी नहीं है। राज निदिमोरु की निजी जिंदगी की बात करें तो उन्होंने साल 2015 में श्यामली डे से शादी की थी। 2022 में दोनों अलग हो गए, लेकिन उनके तलाक को लेकर अब तक कोई ऑफिशियली तौर पर पुष्टि नहीं हुई है।







ABVM AGRAWAL JATIYA KOSH'S GHANSHYAMDAS JALAN COLLEGE
Estd. - 2014

G.D. JALAN COLLEGE
Affiliated to University of Mumbai & M.S. Board
(MARWARI MINORITY) NAAC Accredited with B+ Grade, ISO 9001 : 2015 CERTIFIED COLLEGE
College Code : 527
Junior College
F.Y.J.C/ S.Y.J.C (Science & Commerce)
Degree College
B. Com • B.A.F • B.Sc.I.T • B.M.S • B.Sc
ADMISSIONS OPEN
Contact Number : 9326346900 / 9326335467
Upper Govind Nagar, Malad (East)